2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : बस क्यू शेल्टरों पर कब्जे कर अवैध रूप से चल रही हैं दुकानें

6 अभिमत
मोदी-विरोधी विदेशी शक्तियां

9 देश-विदेश
तीन आरोपियों का बरी होना यूपी पुलिस की लचर जांच दिखाता है

11 विविध
आपका मोबाइल फोन आपको दे सकता है ये पांच गंभीर बीमारियां

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 31
फरीदाबाद, सोमवार, 06 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सानिया मिर्जा ने हैदराबाद में खेला फेयरवेल मैच
पेज - 12

# अरावली यात्रा एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाईयों द्वारा चार से 10 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। रविवार को शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत प्रार्थना, योगा, व्यायाम,कसरत इत्यादि से हुई।

तत्पश्चात कुछ स्वयंसेवको ने खेल कार्यक्रमों में भाग लिया। जिसमें खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन इत्यादि खेल कार्यक्रम शामिल रहे। दूसरे दिन एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने अरावली यात्रा की। जो सेव अरावली ट्रस्ट नामक एनजीओ के सहयोग से स्वयंसेवकों को अरावली के जंगलों, पहाड़ियों के प्रति संरक्षण व जागरूक कर स्वयंसेवकों को जंगलों की दषा और उपयोगिता दिखाना और उनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना है। सेव अरावली ट्रस्ट ने



शिविर में जागरूक करते एनएसएस स्वयंसेवी।

स्वयंसेवकों को बताया की पारिस्थितिक संतुलन के लिए जंगल व पहाड़ कितने ज़रूरी हैं और जिस प्रकृति ने हमें इतने संसाधन दिए जिसका हम भोग कर रहे हैं, तो अब समय है हम अपनी धरती मां की सुरक्षा करें और कर्ज चुकाएं। साथ ही साथ आज ही के दिन स्वयंसेवकों के लिए एक व्याख्यान सामाजिक जागरूकता भ्रश्टाचार उन्मूलन और चरित्र निर्माण पर आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवक और सतर्कता अधिकारी बृजपाल द्वारा की गई। महाविद्यालय की एनएसएस इकाईयों द्वारा पटेल नगर की बस्ती में जाकर बच्चों को कपड़े भेंट कर सभी स्वयंसेवकों को आनन्द की अनुभूति प्राप्त हुई । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा, डॉ. सीमा मलिक और स्वयंसेवकों को इस नेक काम के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।